Page No.
Date

1/6/25

# पाठ-2 दादी जी का आईपैड

## I नए शब्द

1. आश्चर्य
2. परेशान
3. आइपैड
4. रद्दीवाला
5. डाकिया
6. अखबारवाला
7. माली
8. स़फ़ावाला सफ़ाईवाला
9. खिलौना
10. ऑनलाइन

## शब्दार्थ

1. थोल - भोजन का आयोजन
2. आमंत्रित करना - न्यौता देना
3. आदर - सम्मान
4. प्रयोग - इस्तेमाल
5. गूगल सर्च - gogle search (G)

III. प्रश्नों के उत्तर लिखो

1. मददगार दादी जी का आदर क्यों करते होंगे?

उ: दादी जी सभी मददगारों के साथ अच्छा व्यवहार करती थी। उन्हें अपने हाथों से खाना बनाकर खिलाती थी और उन्हें पूरा सम्मान देती थीं।

2. आप अपने मददगारों के प्रति सम्मान कैसे प्रकट कर सकते हैं?

उ: मददगारों से विनम्र भाषा मे बात करके उनके द्वारा किए गए काम के लिए धन्यवाद देकर और बड़ों की तरह उनका आदर करके हम उनके प्रति सम्मान प्रकट कर सकते है।

3. आइपैड का इस्तेमाल किन-किन कामों के लिए किया जा सकता है?

उ: आइपैड का इस्तेमाल पढ़ने, ई-मेल भेजने, संदेश वीडियो

फोटो, गूगल सर्च, सामान खरीदने आदि के लिए किया जाता है।

4. दादी जी क्यों परेशान थीं ?

उ: दादी जी भोज के लिए बहुत सा सामान मँगाना था, परंतु घर में सामान लाने वाला कोई नहीं था।


5. दादी जी भोज में किन्हें आमंत्रित करती थी ?


उ: दादी जी भोज में सभी मददगारों जैसे - सफाईवाला, नाई, माली, डाकिया, रद्दीवाला, अखबारवाला आदि को आमंत्रित करती थी।

6. दादी जी को परेशान देखकर आइपैड ने क्या कहा ?

उ: दादी जी को परेशान देखकर आइपैड ने कहा की "मैं हूँ न" परेशान क्यों होती हैं।

गतिविधि - कोई भी बात चीत करने यन्त्र का चित्र बनाओ





14/6/25

व्याकरण

सर्वनाम - संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।

उदाहरण :- मैं, तुम, वह, उसे, उन्होंने, तुम्हें

वर्कशीट

प्र0-1) सर्वनाम शब्दों को रेखांकित करो

1. अपना काम स्वयं करो।
2. वह मेरी पुस्तक है।
3. मैं विद्यालय जाता हूँ।
4. दरवाजे पर कौन है?
5. उसके दादा जी डॉक्टर हैं।

प्र0-2) रेखांकित शब्दों के स्थान पर उचित सर्वनाम शब्द लिखकर वाक्य दुबारा लिखिए।

ने माला

1. माली फूल तोड़कर लाया और माली माला बनाई।

-> माली फूल तोड़कर लाया और उसने माला बनाई।

2. राजीव मेरा मित्र है। राजीव अच्छा खिलाड़ी है।

-> राजीव मेरा मित्र है और वह अच्छा खिलाड़ी है।

Seen
17/6/25